# SRU WORLD

(A Monthly News Letter)

Vol : 09 | August 2023 | Page : 16


## अनंत श्री विभूषित

## श्री रविशंकर जी महाराज

## को

# शिक्षक दिवस

## की हार्दिक बधाई

## और विश्वविद्यालय परिवार

## की ओर

## से कोटि कोटि नमन....





## श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के खेल अधिकारी अरशद हुसैन एवं बीपीइएस के स्टूडेंट ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड एवं सिल्वर मेडल प्राप्त कर विश्वविद्यालय को किया गौरवान्वित

इंटरनेशनल स्पोर्ट्स चैंपियनशिप भूटान 2023 "ऑर्गेनाइज्ड बाय साउथ एशियन फेडरेशन ऑफ़ आल स्पोर्ट्स सपोर्ट बाय वन नेशनल वन फ्लैग वन शूल स्पोर्ट्स ट्रस्ट इंडिया" के तत्व धान में दिनांक 25 से 30 अगस्त 2023 को गुंटूर भूटान में इंटरनेशनल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के खेल अधिकारी एवं जिम ट्रेनर अरशद हुसैन एव बीपीइएस के स्टूडेंट को आमंत्रित किया गया ,अरशद हुसैन एव बीपीइएस के स्टूडेंट ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए "इंटरनेशनल स्पोर्ट्स चैंपियनशिप भूटान 2023" का भारत के लिए दो गोल्ड एवं तीन सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में भूटान के ही किलजैक छौरिंग मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए विशेष अतिथि के रूप में गुरुग्राम हरियाणा की श्रीमती राजबाला देवी एवं ऑर्गेनाइज कमेटी के श्री अर्पण सिंह जी उपस्थित थे। इंडिया टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने अलग-अलग इस सवर्ग में अपनी प्रतिभा दिखाई जिसमें श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय रायपुर के खेल अधिकारी अरशद हुसैन एव बीपीइएस के स्टूडेंट ने प्लस एथलेटिक्स की प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त कर अपना और विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया।



विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ. सत्यज तिवारी ने उल्लेख किया की विश्वविद्यालय के प्रशिक्षकों एवं विद्यार्थियों को रष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा दिखाने हेतु विश्वविद्यालय कृत संकल्पित है। श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के प्रति-कुलाधिपति श्री हर्ष गौतम, कुलपति प्रो एस. के. सिंह, कुलसचिव डॉ. सौरभ के.शर्मा ने अरशद हुसैन एव बीपीइएस के स्टूडेंट को बधाई दी एवं उनके पराक्रम की प्रशंसा की।

## श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ.सत्यज तिवारी का शोध पत्र हुआ अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका में प्रकाशित



श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ.सत्यज तिवारी का शोध पत्र अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका "इंडियन जर्नल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी" में प्रकाशित हुआ, डॉ.सत्यज तिवारी के साथ मोनिका देशगत भी इस अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका में सहायक लेखक के रूप में शामिल है। अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका का विषय द बैस्ट प्राक्सिमिटी प्राबलम फार न्यू टाइफ आफ सिरिक अल्फा - बीटा - कान्ट्रेक्शन विच एप्लीकेशन "है। डॉ.सत्यज तिवारी ने बताया की शोध पत्र का उद्देश्य नए प्रकार के सिरिक ए-बी-संकुचन के लिए सर्वोत्तम निकटता बिंदु प्रमेय उत्पन्न करना है जिससे हमने नए प्रकार के सिरिक ए-बी-संकुचन बनाए है इसके द्वारा नवीनता/सुधार: हम नए प्रकार के सिरिक ए-पी-संकुचन देते हैं जो सामान्यीकृत समीपस्थ अर्ध संकुचन और सिरिक प्रकार जी-संकुचन का सामान्यीकरण है।

डॉ.सत्यज तिवारी, गणित के सह-प्राध्यापक है, इनके अधीन तीन शोध छात्र अनुसंधान एवं पी.एच.डी. हेतु पंजीकृत है, डॉ. तिवारी के इस अनुसंधान से गणित के क्षेत्र में समकालीन पद्धति में सफलता एवं स्पष्टता आयेगी। श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के प्रति-कुलाधिपति श्री हर्ष गौतम, कुलपति प्रो एस. के. सिंह, कुलसचिव डॉ. सौरभ के.शर्मा ने डीएसडब्ल्यू डॉ.सत्यज तिवारी का शोध पत्र प्रकाशित होने पर उन्हें हार्दिक बधाई दी।

# विश्वविद्यालय में हुए 8 एवं 9 अगस्त को कैंपस प्लेसमेंट, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक एवं न्यूलीफ एंटरप्राइज ने दिए विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर



श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में 8 एवं 9 अगस्त 2023 को बड़े कैंपस प्लेसमेंट आयोजित किये गए। यह कैम्प्स प्लेसमेंट आईडीएफसी फर्स्ट बैंक एवं न्यूलीफ एंटरप्राइज कंपनी द्वारा किया गया, जिसमें आईडीएफसी फर्स्ट बैंक द्वारा ब्रांच ऑपरेशन के कस्टमर सर्विस एवं डिलाईट टीम, पद के लिए स्नातक, स्नातकोत्तर योग्यताधारी विद्यार्थी शामिल हुए एवं न्यूलीफ एंटरप्राइज द्वारा कैंपस प्लेसमेंट में विद्यार्थियों को फैशन कंसल्टेंट के पद के लिए कैंपस प्लेसमेंट में एमबीए/बीए, एफडी में बीएससी, बीबीए सीटीसी बेस्ट इन इंडस्ट्री योग्यताधारी विद्यार्थी शामिल हुए। उल्लेखनीय है की जो विद्यार्थी विश्वविद्यालय आ कर प्लेसमेंट में शामिल नहीं हो पाए उन्हें ऑनलाइन प्लेसमेंट में बैठने का अवसर प्रदान किया गया। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक कंपनी के अधिकारियों ने चयन प्रक्रिया पूर्ण की। न्यूलीफ एंटरप्राइज कंपनी के अधिकारियों द्वारा पहले प्री प्लेसमेंट प्रेजेंटेशन शुरू किया गया तत्पश्चात चयन प्रक्रिया पूर्ण की गई एवं प्लेसमेंट में शामिल हुए श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थीयों के ज्ञान कौशल की सराहना की। विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल के अधिकारी मोहम्मद शादाब का इस प्लेसमेंट कैम्प में उल्लेखनीय सहयोग रहा।



# श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में काइज़ेन टोयोटा प्राइवेट लिमिटेड ने लगाया प्लेसमेंट कैम्प



श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में 2 अगस्त बुधवार को काइज़ेन टोयोटा प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्लेसमेंट कैम्प लगाया गया। विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट की प्रक्रिया काइज़ेन टोयोटा प्राइवेट लिमिटेड के जनरल मैनेजर एवं उनकी टीम के द्वारा पहले पीपीटी प्रेजेंटेशन तत्पश्चात साक्षत्कार द्वारा पूरी की गई। प्लेसमेंट कैम्प में बी टेक (मैकेनिकल) और बी.टेक (इलेक्ट्रिकल), पॉलिटेक्निक (मैकेनिकल) और पॉलिटेक्निक (इलेक्ट्रिकल) एवं बी.कॉम,बीबीए के विद्यार्थीयों ने पीपीटी प्रेजेंटेशन एवं साक्षत्कार दिया।

# हम विद्यार्थियों को केवल शिक्षित ही नहीं करते, बल्कि उन्हें रोजगार योग्य भी बनाते हैं

## श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय पिछले कई वर्षों से न सिर्फ उत्कृष्ट शिक्षा का केंद्र बना हुआ है, बल्कि छात्रों को कौशल और अवसरों के साथ सशक्त बनाने के लिए भी प्रतिबद्ध है।

शिक्षा एक निवेश है, हर कोई यह सुनिश्चित करना चाहता है कि उसे भविष्य के अवसरों के अनुरूप अच्छी योग्यता और उच्च गुणवत्ता की शिक्षा मिले। श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में पारंपरिक शिक्षण पद्धतियों के मूल्यों को बरकरार रखते हुए आधुनिक शिक्षण विधियों और सुविधाओं को अपनाया गया है। श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय का उद्देश्य वैश्विक रूप से सक्षम ऐसे युवाओं का विकास करना है जो देश और दुनिया के बेहतर भविष्य में अपनी भूमिकाओं से बखूबी से निभा सकें । विश्वविद्यालय ने अपने विविधापूर्ण पाठ्यक्रमों, योग्य फैकल्टीज, इन्फ्रस्ट्रक्चर और बेहतरीन प्लेसमेंट के माध्यम से उद्योगों, शिक्षा और समाज के सामने आ रही चुनौतियों सहित स्थानीय, राष्ट्रीय और वैश्विक मुद्दों के समाधान के लिए शोध-आधारित वातावरण निर्मित किया है। श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ के छात्रों को उनकी रुचियों वरीयताओं और जरूरतों के अनुरूप पाठ्यक्रम चुनने के लिए कई तरह के अवसर उपलब्ध कराता है।

उच्च शिक्षा जीवन को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाती है।

---

मौजूदा दौर में अच्छे रोजगार के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ गयी है। ऐसे में छात्र ऐसी यूनिवर्सिटी की तलाश करते हैं, जहा उन्हें सभी जरूरी सुविधाओं के साथ-साथ अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन मिल सके। तथा वह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर रोजगार के अवसर मिल सकें, जिससे उनका भविष्य सुरक्षित और बेहतर बने।

---

बहुत से छात्र स्नातक में विषय के चुनाव और प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी काफी पहले से ही शुरू कर देते हैं। उच्च शिक्षा छात्र के सपनों को नयी दिशा देने के साथ-साथ बेहतर भविष्य बनाने का मौका देती है।

---

यहां की उच्च स्तरीय शिक्षा व्यवस्था और सीखने की आधुनिक विधि के कारण यहां से पढ़कर निकलने वाले छात्र बेहतर संगठनों में कार्यरत हो पाते हैं। उपरोक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए एस. आर. यू. को भारत की उत्कृष्ट विश्वविद्यालयों में सम्मिलित करता है।

•विगत वर्षों में यह विश्वविद्यालय से प्राप्त उच्च स्तरीय शिक्षा द्वारा बहुत से छात्र अपने करियर में सफ लता की उच्चाईयों को छू रहे हैं और ये सफर अभी भी जारी है।

• यहीं शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे तकनीकी प्रयोगों की सराहना की जाती है और उन्हें अपनाया भी जाता है। यह विश्वविद्यालय सभी प्रकार की तकनीकी सुविधा और आधुनिक शिक्षण प्रणाली से सुसज्जित है। यहां पढ़ने के लिए र बेहतर वातावरण उपलब्ध है।

• श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी ता छात्रों के व्यक्तिगत मूल्यांकन और मार्गदर्शन के माध्यम से उनकी ताकत और जुनून को उजागर करने में मदद करता है।

•आपके करियर की आकांक्षाओं के लिए उपयुक्त व्यक्ति ढूंढने में यह यूनिवर्सिटी सहायता करती है। उद्योग विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में अमूल्य अनुभव और ज्ञान यहां के छात्रों को दिया जाता है।

•युवाओं के कौशल को निखारने के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण और कार्यशालाएं नियमित रूप से प्रदान की किए जा जाते हैं।

• श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी से देश के कई प्रख्यात कंपनियों की साझेदार है। यूनिवर्सिटी के विशाल नेटवर्क के साथ उपयुक्त रोजगार के अवसरों की एक विस्तृत श्रृंखला के दरवाजे युवाओं के लिए खोल रहे।

•यहां बेहत्तर प्रबंधन व योग्य शिक्षकों की मदद से युवाओं के सिद्धांत को व्यवहार में लाने और इंटर्नशिप, परियोजनाओं के माध्यम से एक मजबूत पोर्टफोलियो बनाए जाते हैं, जो युवाओं के लिए भविष्य के नियोक्ताओं को प्रभावित करता है।

•नियमित प्रदर्शन मूल्यांकन के साथ अपनी वृद्धि और विकास को ट्रैक करें। हम रास्ते में आपके मील के पत्थर का जश्न मनाने में विश्वास रखते हैं। अगर आप भी अपना बेहत्तर भविष्य चाहते हैं और अवसरों की दुनिया को अपनाने के लिए तैयार हैं तो प्लेसमेंट कार्यक्रम के लिए अभी आवेदन करें और उज्ज्वल 'भविष्य की ओर पहला कदम उठाए।

**चार माह में 300 से अधिक रिकॉर्ड प्लेसमेंट**



# विश्वविद्यालय में दीक्षारंभ 2023-24 की शुरुआत, विश्वविद्यालय में क्यू आर कोड द्वारा मार्कसीट एवं डिग्री के सत्यापन एप का हुआ शुभारंभ

श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में 1 अगस्त 2023, मंगलवार को दीक्षारंभ 2023-24 को शुरुआत की गई। दीक्षारंभ में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अनंत श्री विभूषित श्री रविशंकर जी महाराज जी ने कृपामयी एवं सानिध्य उपस्थिति दी एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर अध्यक्ष, भारतीय विश्वविद्यालय संघ नई दिल्ली से प्रो. जी. डी. शर्मा, सलाहकार,माननीय मुख्य मंत्री, उत्तरप्रदेश एवं पूर्व ड्रग कन्ट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया से प्रो. जी. एन. सिंह, चिकित्सा निदेशक हैड एमपी बिरला ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स सतना से डॉ. संजय माहेश्वरी एवं अध्यक्ष भक्ति सागर चैनल से श्री किशोर मोहते उपस्थित हुए।

दीक्षारंभ की शुरुआत दीप प्रज्वलन और राज्यगीत के साथ की गई। दीक्षारंभ के स्वागत उद्बोधन में विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति श्री हर्ष गौतम ने सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया एवं कहा की आज मुझे सभी उपस्थित सदस्यों का अध्यात्म, शिक्षा एवं सेवा के त्रिवेणी संगम के परिसर में स्वागत करते हुए काफी प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने नए छात्रों से कहा कि आज का दिन नये प्रवेशीत विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ का दिवस है जिन्होंने अपने भविष्य के लिए सपने सजाए हुए हमारी यूनिवर्सिटी का चयन किया हैं, हम आप सभी का स्वागत करते हैं आपके सपनों को पूरा करने हेतु हर संभव प्रयास करेंगे। आज की वर्तमान शिक्षण व्यवस्था केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं होनी चाहिए उसी का पालन करते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एसआरयू का मूल उद्देश्य है इसके लिए व्यक्तित्व विकास , खेलकूद एवं आप सभी के स्वत के अभिरुचि के अनुकूल कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करना, संयोजन करना और उसमें सकारात्मकता बदलाव लाना हमारा प्रथम कर्तव्य है एसआरयू में आप अपने आप को कभी अकेला नहीं पाएंगे। बच्चों आप दूरदराज से आए हैं अपना घर- परिवार छोड़ कर आए हैं और आप अपने गांव और शहर से हट कर जब आप नए कॉलेज में जब आते हैं तब अपके अंदर अति उत्साह होता है क्योंकि यह वह क्षण है यह वह समय सीमा है जिस समय आप अपने भविष्य की संरचना कर सकते हैं साथ ही उन्होंने श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय की यात्रा बताते हुए श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के 118 कोर्स, मोबाइल एप और ग्रीन कैंपस से छात्रों को परिचित कराया साथ ही उन्होंने क्यू आर कोड द्वारा डिग्री एवं डिग्री के सत्यापन के संदर्भ में एवं जानकारी दी ,उन्होंने बताया की क्यू आर कोड के माध्यम से फर्जी मार्कसीट को रोकने में सहायता मिलेंगी। डिग्री के क्यू आर कोड से स्केन करने पर अंतराष्ट्रीय स्तर पर इसकी सत्यता की जानकारी प्राप्त कि जा सकेगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस. के. सिंह ने अतिथियों एवं सभी विद्यार्थियों का स्वागत किया एवं सभी के विकास की मंगल कामना की, उन्होंने सभी नव प्रवेशक छात्रों से कहा कि मैं विश्वविद्यालय की ओर से विश्वास दिलाना चाहता हूं कि जिन सपनों को पूरा करने के लिए जिन उम्मीदों के साथ आपने इस विश्वविद्यालय में प्रवेश किया है विश्वविद्यालय उन सपनों को अपनी तरफ से पूरा करने की कोई भी कोशिश नहीं छोड़ेगा लेकिन साथ ही साथ में विश्वविद्यालय जितनी कोशिश आपके सपनों को पूरा करने के लिए करेगा उससे कहीं ज्यादा आपको अपने सपनों को पूरा करने की कोशिश करनी पड़ेगी तो उसके लिए आप लोग तैयार हो जाइए।

डॉ. संजय माहेश्वरी ने विद्यार्थियों से अपना अनुभव साझा करते हुए उन्हें प्रेरित किया और उन्होंने गुरुदेव महाराज श्री की जो यूनिवर्सिटी को लेकर लक्ष्य है उसकी सराहना की और उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आपको तकनीक अनुरूप तेज चलना होगा क्योंकि हर मिनट में तकनीक बदल रही है साथ ही उन्होंने प्रेरणा दायक उद्बोधन दिया जिससे विद्यार्थियों में भरपूर उत्साह दिखाई दिया।



प्रो. जी. एन. सिंह ने अपने उद्बोधन में सर्वप्रथम सद्गुरु के चरणो में नमन किया तत्पश्चात उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी शुभकामनाएं भेजी है उन्होंने देश में हो रहे परिवर्तन और शिक्षा में आए परिवर्तन को बताया उन्होंने बताया कि भारत ही एक देश था जो अपनी महानता के लिए जाना जाता था भारत की व्यवस्था बदल रही है जिससे पूरा विश्व भारत की तरफ आशाभरी निगाहों से देख रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में नई शिक्षा नीति ने पूरी शिक्षा व्यवस्था को बदल दिया है जिसे भारत की जनता जान चुकी है।

प्रो. जी. डी. शर्मा ने दीक्षारंभ के कार्यक्रम में उपस्थित होने पर विश्वविद्यालय का आभार व्यक्त किया इन्होंने मंच में विराजमान सभी महान व्यक्तियों के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा की आज के कार्यक्रम में इस अनोखे दीक्षारंभ के पहले दिन यहां अपने क्षेत्र के महान व्यक्तित्व का आशीर्वाद प्रदान हो रहा है अमृत काल में अमृत की वर्षा श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में हो रही है

श्री किशोर मोहते ने कहा की जिस जगह आप आए है वहाँ के लोग आपके भविष्य के बारे में बहुत अच्छा सोच रहे है जैसे गुरुदेव की परिकल्पना है उसे देखते हुए आपके विश्वविद्यालय में कैसे आपको आगे ले जाया जाये इसकी तैयारी काफी अच्छी है।

सद्गुरु रविशंकर महराज श्री ने दीक्षारंभ के मौके पर विद्यार्थियों से कहा की आज आपका दिन है और जहाँ आप बैठे है वो शिक्षा का मंदिर है, आपके माता-पिता ने यहाँ भेजा है तो आप खुब मन लगाकर पढ़ाई करे,खेले-कूदे और अच्छा सोचे,आप अच्छा सोचेंगे तो खुद अच्छे इंसान बनेंगे। ये वह मंदिर है जहाँ आकर व्यक्ति खुद आगे जा सकता है। यह कला का एक क्षेत्र है जिसकी जो रूचि है उस पर आगे बढ़ सकता है और साथ ही ईश्वर पर विश्वास रखे ,जो व्यक्ति ईश्वर पर विश्वास रखता है वो स्वयं प्रगति तक जाता है।

उपस्थित सभी अतिथियों ने एवं विश्वविद्यालय के सदस्यों ने सभी विद्यर्थियो को शुभकामनाएं प्रेषति की और उज्ज्वल भविष्य के लिए मंगल कामना की।

कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया और गुरु प्रशाद एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया तत्पश्चात कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने धन्यवाद में सभी का आभार व्यक्त किया और सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की।

## विश्वविद्यालय में दीक्षारंभ 2023-24 का द्वितीय दिवस: कुलपति प्रो. पी.के.घोष एवं सीजीपीयूआरसी के अध्यक्ष प्रो.यू.के.मिश्रा ने किया छात्रों को मार्गदर्शित



श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में दीक्षारंभ 2023-24 के चल रहे सत्र के दूसरे दिन 2 अगस्त को मुख्य अतिथि आईसीएआर, एनआईबीएसएम, रायपुर के निदेशक और कुलपति प्रो. पी.के.घोष एवं सीजीपीयूआरसी के अध्यक्ष प्रो.यू.के.मिश्रा रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रेरित एवं मार्गदर्शित किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस.के. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय अकादमिक शिक्षण के साथ-साथ अनुसंधान को आगे बढ़ाने के लिए परिसर का आदर्श आधार प्रदान करता है। इसके साथ ही उन्होंने डिग्री और मार्कशीट के क्यूआर कोड सत्यापन से संबंधित सुविधा के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि ज्ञान निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है लेकिन छात्रों को एक अच्छा इंसान बनाना विश्वविद्यालय का मुख्य उद्देश्य है, युवाओं को संकायों द्वारा एक अच्छा इंसान बनाना जो विश्वविद्यालय की रीढ़ हैं।

प्रो. पी.के. घोष ने उत्कृष्टता के तीन स्तंभों के बारे में अपने विचार साझा किए जो ज्ञान आधार, बुनियादी ढांचा और प्रेरणा हैं। छात्रों को पुस्तकालयों में उपलब्ध पुस्तकों और पत्रिकाओं को नियमित रूप से पढ़ने से ज्ञान का आधार मिलता है। ज्ञान एकत्र करने के लिए सकारात्मक माहौल प्रदान करने के लिए हरित वातावरण के साथ विश्वविद्यालय का बुनियादी ढांचा सभी पहलुओं में बढ़िया है। और छात्रों को अपने संकाय और वरिष्ठों से प्रेरणा मिलती है।

दीक्षारंभ के बारे में. यू.के. मिश्रा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम मुख्य रूप से ओरिएंटेशन कार्यक्रम के लिए प्रासंगिक हैं जहां संकाय विश्वविद्यालय की गतिविधियों और महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में चर्चा करते हैं। साथ ही उन्होंने कहा, छात्रों का उच्च शिक्षा में प्रवेश लेने का मुख्य उद्देश्य अच्छा रोजगार पाना और सकारात्मक व्यवहार के साथ एक सफल इंसान बनना है, क्योंकि शोध के अनुसार, केवल 15% ज्ञान और 85% व्यवहार, उपस्थिति और संचार कौशल ही कर्मचारी की संगठन में जगह तय करते हैं।



# विश्वविद्यालय में दीक्षारंभ 2023-24 का तृतीय दिवस : नव प्रवेशित छात्रों में दिखा उत्साह







श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में दीक्षारंभ 2023-24 तृतीय दिवस 3 अगस्त को आयोजित किया गया जिसमें विशिष्ट अतिथि पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलपति प्रो. बंश गोपाल सिंह रहें। दीक्षारंभ तृतीय दिवस की शुरुआत दीप प्रज्वलन और राज्यगीत के साथ की गई।

कुलपति प्रो. एस.के. सिंह ने अपने स्वागत उद्बोधन में उपस्थित अतिथि और नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत किया। उन्होंने कार्यक्रम में परमपूज्य महाराज श्री को नमन किया एवं सभी नवप्रवेशित छात्रों का स्वागत किया साथ ही पास आउट छात्रों को बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित की। उन्होंने कहा कि हम विश्वाश दिलाते है की आने वाले वर्षों में छात्रों को पूरी तरह से स्वालम्बी बनाने में विश्वविद्यालय अपनी ओर से कोई कमी नहीं रखेगा। आपने हमारे विश्वविद्यालय का चयन किया इसलिए हम आभार व्यक्त करते है और विश्वाश दिलाते है की शिक्षा के साथ साथ भविष्य के लिए भी मार्गदर्शित करेंगे।

विशिष्ट अतिथि कुलपति प्रो. बंश गोपाल सिंह ने सभी नव प्रवेशित छात्रों को बधाई दी उन्होंने छात्रों से कहा की आप सभी विश्वविद्यालय में आए है और जिस उद्देश्य से आए है इस उद्देश्य को पूरा करे। शिक्षा जो है सक्रिय प्रक्रिया है, जितना शिक्षा प्राप्त करेंगे उतना सक्रिय रहेंगे। एवं शिक्षक, मित्र, कक्षा,लाइब्रेरी ये सब एक परिवारिक वातावरण बनाते है जितनी जल्दी हो सके इन सब से परिवारिक हो जाए जिससे आपकी पढ़ाई की शुरुआत हो जाएगी। विश्वविद्यालय के वातावरण को जानना और उसको समझना और अपनाना जरूरी है। शिक्षा का मुख्य काम है की विद्यार्थियों की क्षमता के अनुसार उसे अपने जीवन में आगे बढ़ने योग्य बनाना है। जीवन में सफल होने के लिए सिर्फ कक्षा तक सीमित न रहे, पुस्तकों के साथ उससे आगे जा कर कुछ अच्छा करने की कोशिश करना होगा। व्यक्तिगत परिप्रेक्ष्य, सामाजिक परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखते हुए समाज की समस्याओं का हल ढूंढते हुए अपने आप को तथस्त रखना होगा।

कार्यक्रम के अंत में सभी विशिष्ट अतिथि कुलपति प्रो. बंश गोपाल सिंह को धन्यवाद ज्ञापित किया गया और गुरु प्रशाद एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया।

## विश्वविद्यालय में हुआ अतिथि व्याख्यान का आयोजन

श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया है अतिथि व्याख्यान विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग द्वारा आयोजित किया गया। और व्याख्यान के लिए प्रतिष्ठित वक्ता माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के सलाहकार और भारत के पूर्व ड्रग कंट्रोलर जनरल डॉ. जी.एन. सिंह थे। व्याख्यान का विषय "फार्मेसी की यात्रा कैसे शुरू करें" था। व्याख्यान में विभाग के 300 से अधिक छात्रों और संकाय सदस्यों ने भाग लिया।

उक्त कार्यक्रम में डॉ. जी.एन. सिंह का उद्बोधन सारग्रमित एवं प्रेरणादायक था जिसके पश्चात प्रतिभागियों द्वारा विषय के संबंध में व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ, जिससे वह विषय के प्रति प्रेरित एवं प्रोत्साहित लगे।



# विश्वविद्यालय में नव प्रवेशित छात्रों के लिए दीक्षारंभ उपरांत स्वागत हेतु कार्यक्रम का आयोजन

श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में नव प्रवेशित छात्रों के लिए उत्साहवर्धन हेतु स्वागत कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय प्रांगण में किया गया, जिसमें सीनियर्स ने जूनियर्स का शानदार स्वागत किया, नव-प्रवेषित छात्र-छात्राओं में नई-नई गतिविधियों और वातावरण को लेकर उत्साह दिखा और सीनियर्स ने अपने जूनियर्स को एक परिवारिक वातावरण का अनुभव कराया। सभी ने अपने खट्टे-मीठे अनुभव आपस में शिक्षकों के सामने साझा किया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई, तत्पश्चात कार्यक्रम में मार्गदर्शक के रूप में विश्वविद्यालय के प्रति-कुलाधिपति श्री हर्ष गौतम, कुलपति प्रो. एस. के. सिंह, कुलसचिव डॉ. सौरभ के. शर्मा एवं सभी शिक्षक शामिल हुए, सभी ने छात्रों को प्रोत्साहित किया और भविष्य के लिए मार्गदर्शित किया, उन्होंने सभी छात्रों को आने वाली नई दिशा में सफलता के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया और कहा कि शिक्षा प्राप्त करने के साथ आपको एक अच्छा इंसान बनना है जिसके लिए आपके अंदर नम्र स्वभाव और नैतिकता का होना काफी जरूरी हैं।

इस मौके पर छात्रों ने काफी हर्षोउल्लास के साथ नव प्रवेशित छात्रों का स्वागत किया। छात्रों की संगीत एवं नृत्य की प्रस्तुतियों पर तालियां बजती रही। आकर्षक परिधानों में सजी छात्राओं की टोली ने आयोजन को सुहाना बना दिया। नये से नये गानों को मिले उनके मीठे स्वर तो डांस के उनके स्टेप थिरकने को मजबूर करते रहे। कार्यक्रम का समापन मिस्टर &मिस फ्रेशर के चुनाव के बाद हुआ जिसमें मिस्टर फ्रेशर बी फार्मा से तुषार ,मिस फ्रेशर बी फार्मा से मीनल एवं डिप्लोमा से किंग ओम सिन्हा बने और आईडी से क्वीन अमिता बनी।



# श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ़ नर्सिंग रायपुर के विद्यार्थियों ने मनाया "विश्व स्तनपान दिवस"

श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ़ नर्सिंग रायपुर के विद्यार्थियों ने 5 अगस्त शनिवार को विश्व स्तनपान दिवस मनाया। विद्यार्थियों ने विश्व स्तनपान दिवस के उपलक्ष्म में डॉ. भीमराव अम्बेडकर अस्पताल में रंगोली एवं पोस्टर के माध्यम से स्तनपान के बढ़ावा देने और शिशुओं, माताओं के स्वास्थ्य के लिए स्तनपान के महत्व के प्रति मरीजों एवं उनके परिजनो में जागरूकता हेतु मार्गदर्शन दिया, जो कि विश्व स्तनपान 2013 के विषय स्तनपान को बढ़ावा देना "कामकाजी माता-पिता के लिए बदलाव लाना" पर आधारित था।

इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ-साथ श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ़ नर्सिंग रायपुर के शिक्षक भी उपस्थित हुए जिन्होंने डॉ. भीमराव अम्बेडकर अस्पताल में उपस्थित नवीन माता बनने वाली महिलाओं से बातचीत की और उन्हें विभिन्न पोस्टर एवं ऑडियो- वीडियो के माध्यम से जागरूक किया। इस अवसर पर अस्पताल प्रबंधन ने श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट नर्सिंग रायपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम की प्रशंसा की।



# श्री रावतपुरा सरकार आश्रम में किया जा रहा चातुर्मास व्रत अनुष्ठान

श्री रावतपुरा सरकार आश्रम धनेली में अनंत विभूषित श्री रविशंकर जी महाराज द्वारा चातुर्मास व्रत अनुष्ठान किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत महाराज जी द्वारा समाज कल्याण, सुख एवं समृद्धि के लिए हवन पूजन किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तगण और विश्वविद्यालय परिवार के लोग शामिल हो रहे हैं।





# विश्वविद्यालय के विधार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के 130 विधार्थियों ने 10 अगस्त गुरुवार को शैक्षणिक भ्रमण किया जिसमें विधार्थियों को नया रायपुर के 25 एमटी जल उपचार संयंत्र,चंपारण, चंपारण टीला,श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईसेस एडं रिसर्च हॉस्पिटल एवं मेडिकल कॉलेज नया रायपुर (SRIMSR) का भ्रमण कराया गया, हॉस्पिटल में विद्यार्थियों को ओपीडी सुविधाओं से अवगत कराया गया जिसमें बताया गया की अस्पताल में कुल 12 विभागों की ओपीडी परामर्श सुविधा विभिन्न स्थानों के लोगों के लिए उपलब्ध है साथ ही एक्स-रे, बी. पी., शुगर टेस्ट, दंत रोग, स्त्री रोग आदि जैसी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं साथ ही विद्यार्थी को उन्हें अनुभवी डॉक्टरों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। सभी विधार्थियों नए वातावरण और नए अनुभव से काफी उत्साहित हुए एवं सभी जगह से जुड़ें पहलुओं को बारीकी से सीखने और समझने का प्रयास किया। यह शैक्षणिक भ्रमण इंजीनियरिंग संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ. मिथिलेश सिंह, प्रोफेसर राजेंद्र पटेल, गुलाब साहू, गोकुल देवांगन ,कामेश्वर राव एवं हंसा झा के निर्देशन में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।



# आजादी का अमृत महोत्सव: विश्वविद्यालय में चलाया गया हर घर तिरंगा अभियान...

श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश के समस्त लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जगाने और जनभागीदारी की भावना पैदा करने हेतु दिनांक 13 से 15 अगस्त तक आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन किया गया है। जिसमें 14 अगस्त को विश्वविद्यालय के लगभग 200 विद्यार्थियों एवं 15 शिक्षकों ने धनेली गाँव,बोरियाकला, शदाणी दरबार तक तिरंगा रैली निकाली और उसमें भारत माता की जय का जयघोष लगाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति श्री हर्ष गौतम, कुलपति प्रो. एस.के. सिंह, कुलसचिव डॉ. सौरभ के. शर्मा एवं सभी डीन, एचओडी और शिक्षण उपस्थित हुए और उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।



# विश्वविद्यालय में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस, विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक नृत्य और गीत की दी प्रस्तुति, इंटरनेशनल विद्यार्थियों ने कहा भारत माता की जय एवं रघुपति राघव राजा राम पर किया नृत्य




श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुबह तिरंगा रैली निकाली गई एवं ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत राज्य गीत और दीप प्रज्वलन के साथ की गई। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक लोक नृत्य और गीत की हर्षो उल्लास के साथ प्रस्तुति दी साथ ही विश्वविद्यालय के इंटरनेशनल विद्यार्थियों ने भी स्वतंत्रता दिवस पर अपनी रचनात्मकता दिखाई एवं भारतीय गीत "रघुपति राघव राजा राम" पर दिखाया अपना शानदार नृत्य इसके साथ ही "भारत माता की जय" का लगाया जयकारा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रतिभाशाली स्पोर्ट्स के विद्यार्थयों को प्रशस्ति पत्र दिया गया।





कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अनंत श्री विभूषित श्री रविशंकर जी महाराज, विशिष्ट अतिथि डॉ. सुशील त्रिवेद आईएएस (सेवानिवृत्त) पूर्व राज्य चुनाव आयुक्त रायपुर, डॉ. अशोक भट्टर निदेशक बाल गोपाल अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र रायपुर, प्रो. सी. एस. पिल्लीवार, पूर्व प्रमुख सिविल इंजीनियरिंग विभाग शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, रायपुर उपस्थित रहे।कार्यक्रम के स्वागत उद्बोधन में प्रति कुलाधिपति श्री हर्ष गौतम ने उपस्थित अतिथियों का परिचय देते हुए उनका स्वागत किया एवं उपस्थित सभी सदस्यों, विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई दी और उन्होंने कहा की इतिहास के पन्नो को पलटने से वह जाना जा सकता है की असंगठित परिवार, असंगठित समाज एवं असंगठित देश हमेशा खतरे में होते है और फिरंगियों ने फूट डालो शासन करो नीति से हमे असंगठित कर दिया था और उनकी यह कूट नीति सफल इसलिए ही हुई थी क्योंकि उस समय भारतीय असंगठित थे और आज का मूल्य चिंतन भी यहीं है की आजादी के 76 साल के बाद भी हम आज संगठित हो पाए है या नहीं। 1947 से 2023 के बीच भारत ने खूब प्रगति की है इसमें कोई संदेह नहीं है हमने अपनी श्रेष्ठता को सिद्ध भी किया है और आज हमे खास कर के युवाओं को शिक्षा और अध्यात्म के साथ आगे बढ़ना होगा, संगठित होना होगा और आत्मनिर्भर होना होगा।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.एस.के. सिंह ने अपने उद्बोधन में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया और सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी, उन्होंने कहा की आज का दिन मुख्य रूप से उन स्वतंत्रता सेनानियों और उनके त्याग, बलिदान और तपस्या को याद करने का मौका है साथ ही साथ हमें ये जानने की कोशिश करनी चाहिए की उनके मन में देश जब आजाद हुआ होगा उसकी जो परिकल्पना रही होगी और उसे हम सभी को पूरा करने का कर्तव्य समझना चाहिए और भारत को विकसित करने के प्रयास में हमे शामिल होना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. अशोक भट्टर ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और कहा की मुझे दिल से यह उपस्थित होने पर बहुत खुशी हो रही है और यहं उपस्थित



विद्यार्थियों से जो ऊर्जा आ रही है वो एक उत्साह उतपन्न कर रही है। जिससे अवलोकिक अनुभूति हुई। यहाँ शिक्षा और अध्यात्म दोनों का भाव है जिससे विद्यार्थियों का अच्छा चरित्र निर्माण हो रहा है।

प्रो. सी. एस. पिल्लीवार ने स्वतंत्रता दिवस की सभी को बधाई देते हुए शहीदों को याद किया और कहा की आप हमेशा क्वालिफ़िकेशन और एजुकेशन में भ्रमित होते है जो डिग्रीयाँ होती है वो आपको केवल क्वालिफ़िकेशन देती है और एजुकेशन आपको एक अच्छा इंसान बनाती हैं। उन्होंने कहा की जीवन जीना और जीवन निकालना ये दोनों में अंतर है और सबसे पहले आपको ये तय करना है की आपको जीवन निकालना है की जीवन जीना है। आपको ऑल राउंडर बनना है और साथ ही आपको कमसे कम 6 भाषाएं आनी चाहिए।

डॉ. सुशील त्रिवेदी ने कहा की इस महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्थान के शिक्षक और विद्यार्थियों सबसे पहले मैं भारत की आज़ादी के इस पावन पर्व पर बधाई देता हूँ यहाँ सहयोग की बात है की मेरे दादा जी इस क्षेत्र के शीर्षस्थ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे मेरे पिताजी भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे और इसलिए हमने बचपन से अपने भारत की आज़ादी की लड़ाई के किस्से सुने थे साथ ही उन्होंने कहा की मित्रों जानते है की भारत की आज़ादी के लिए लाखो लोगो ने अपने जीवन को कुर्बान किया था पर यह भी एक बड़ी बात है की मानवता के इस इतिहास के पिछले ढाई हजार साल मैं गौतम बुध के बाद सबसे महान व्यक्ति इस धरा पर महात्मा गाँधी थे या फिर ईसा मसीह के बाद दूसरे सबसे बड़े व्यक्ति महात्मा गाँधी ही थे महात्मा गाँधी ने सत्य एवं अहिंसा के आधार पर भारत को आज़ादी दिलाई सबको पता है पर






आप यह भी जानिए इसी आधार पे दुनिया के अनेक देशो के खाशकर के अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के देशो को आज़ादी मिली थी और इसलिए अमेरिका और अफ्रीका में सबसे महान पुरुष के रूप में महात्मा गाँधी याद किये जा रहे है।

कुलाधिपति अनंत श्री विभूषित श्री रविशंकर जी महाराज ने उपस्थित सभी सदस्यों एवं विद्यार्थयों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और उन्होंने कहा की आदरणीय डॉ. सुशील त्रिवेदी जी , डॉ. अशोक भट्टर साहब, प्रो. सी. एस. पिल्लीवार ने जो हमे मार्गदर्शन दिया बहुत अच्छा लगा आपका जो बताया हुआ है और अपने जो हमे पथ दिया, रास्ता बनाया है उस पे हम जरूर चलेंगे। आज हम स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हम स्वतंत्रता सैनानी के चरणों में वंदन करते है उनसे प्रार्थना करते है की हमको सदा विश्वास और धैर्य और सद्बुद्धि बनी रहे जिससे हम उनके विचारों को लेके के चल सके और बीजारोपण कर सके। उन्होंने कहा की विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति गौतम जी, कुलपति एस.के. सिंह, कुलसचिव, प्रोफेसर एवं छात्र और छात्राएं आप अंधेरे को प्रकाश में बदलने का प्रयास कर रहे हैं। हमेशा परिश्रम करें परिश्रम के बिना कुछ नही हो सकता हैं परिश्रम अध्यात्म में भी है, पढ़ाई में भी, कृति में भी, बिजनेस में भी, समाज सेवा में हमेशा जागृत अवस्था में रहे, खूब परिश्रम करे, पॉजिटिव रहे, नर्म रहे, सरल रहे और सुनने की क्षमता को हमेशा धारण करे।

कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को शॉल और गुरु प्रसादी देकर धन्यवाद ज्ञापित किया और कुलसचिव डॉ. सौरभ के. शर्मा ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई देते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया, उन्होंने कहा की भारत का भविष्य यहाँ के विद्यार्थी है इन होनहार विधार्थियों ने शानदार प्रस्तुति देकर कार्यक्रम कि शोभा बढ़ा दी है। आजादी के स्वतंत्रता दिवस को आज 76 वर्ष हो चुके है आज 77 स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम सब लोग यह माना रहे है और बड़े हर्षोल्लास के साथ पूरा भारत वर्ष  इस दिन को बड़ी ऊर्जा के साथ माना रहा है। इस महान पर्व को मानने के पीछे केवल एक उद्देश्य है की हम उन बलिदानियों को याद करते है जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी।

## विश्वविद्यालय में शैक्षणिक अधिकारियों के लिए आयोजित कि गई ईआरपी ट्रेनिंग



श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में 16 अगस्त बुधवार को ईआरपी ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित कि गई, जिसे शैक्षणिक अधिकारियों में प्रोफेसर से लेकर समस्त शैक्षणिक सदस्यों के लिए आयोजित की गई। जिसमें उन्हें तकनीकी रूप से सक्षम करने के लिए ईआरपी से संबंधित नई तकनीको के बारे में सम्पूर्ण जानकारी दी गई, स्टाफ मेंबर्स को प्रोग्राम मॉड्यूल, स्टूडेंट्स मॉड्यूल, लाइब्रेरी मॉड्यूल, टाइम टेबल मॉड्यूल, लेक्चर प्लैनिंग मॉड्यूल, असाइमेंट मॉड्यूल, अटेंडेंस मॉड्यूल के बारे में सम्पूर्ण रूप से जागरूक किया गया।

ईआरपी ट्रेनिंग कोर्डिनेटर क्रांति कुमार देवांगन ने ट्रेनिंग दी साथ ही विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.एस.के. सिंह ने भी सभी शैक्षणिक अधिकारियों को ईआरपी ट्रेनिंग के लिए जागरूक किया और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया, उन्होंने बताया की ईआरपी के द्वारा अब विद्यार्थियों और शैक्षणिक अधिकारियों को कागजी कार्य में लगने वाले समय की बचत होगी साथ ही उनका कार्य समय में होगा, समय में सुचना प्राप्त होगी।

## विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों के प्रशिक्षण के लिए कुबोटा कंपनी को किया आमंत्रित, कंपनी ने धान ट्रांसप्लांटर्स मशीन द्वारा दिया नर्सरी रोपण का डेमो

श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय ने 17 अगस्त गुरुवार को जापान स्थित कुबोटा कंपनी को आमंत्रित किया। कंपनी की ओर से धान ट्रांसप्लांटर्स मशीन से खेतों में नर्सरी रोपण (धान रोपाई) का विद्यार्थियों को एक दिवसीय डेमो दिया गया एवं मशीन बारे में जानकारी दी गई जिसमें उन्हें मशीन आधारित निर्माण प्रणाली, इंजन और इंजन शक्ति के बारे में, बिना मानव शक्ति के कार्यकुशलता के बारे में, हाइड्रोलिक प्रणाली के बारे में बताया गया। विद्यार्थियों में धान ट्रांसप्लांटर्स मशीन से खेतों में नर्सरी रोपण के समय उत्साह देखा गया।

जिसमें कुबोटा पैडी ट्रांसप्लांटर की विस्तृत जानकारी कुबोटा के इंजीनियर विपिन सिंघ द्वारा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को दिया गया और खेत में धान रोपाई करते हुए अलग- अलग खेती का डेमो दिखाया गया, साथ ही मार्गदर्शक के रूप में शिक्षक भी उपस्थित हुए।



## विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अनंत श्री विभूषित श्री रविशंकर जी महाराज के मुख्यअतिथ्य में विश्वविद्यालय के समीक्षा बैठक का किया गया आयोजन

श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अनंत श्री विभूषित श्री रविशंकर जी महाराज के मुख्यअतिथ्य में विश्वविद्यालय में 18 अगस्त 2023 को वरिष्ठ अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में ट्रस्ट के अध्यक्ष रविशंकर जी महाराज के साथ ट्रस्ट के उपाध्यक्ष डॉ. जे. के. उपाध्याय, प्रतिकुलाधिपति श्री हर्ष गौतम, कुलपति प्रो.एस.के. सिंह, कुलसचिव डॉ. सौरभ के.शर्मा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित हुए।

बैठक में प्रतिकुलाधिपति श्री हर्ष गौतम ने विश्वविद्यालय द्वारा किये गए कार्यों का प्रेजेंटेशन दिया जिसमें विश्वविद्यालय के द्वारा किये गये कार्यों की प्रस्तुति दी गई साथ ही बैठक में भविष्य की कार्य योजना एवं रणनीति पर चर्चा की, जिस पर सदस्यों द्वारा सहमति प्रदान की गई।

बैठक के समापन में अध्यक्ष अनंत श्री विभूषित श्री रविशंकर जी महाराज ने सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि आने वाले समय में इस विश्वविद्यालय की गतिविधियों को जनमानस तक पहुंचाने हेतु बैठक में उपस्थित सभी वरिष्ठ अधिकारियों को विश्वविद्यालय के मुलभूत उद्देश्यों को प्राप्त करने हेतु मार्गदर्शन भी दिया।



# ज्ञान, विज्ञान एवं अध्यात्म के त्रिवेणी संगम - श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में "हर घर ध्यान अभियान" हुआ सम्पन्न



ज्ञान, विज्ञान एवं अध्यात्म के त्रिवेणी संगम जहाँ का वातावरण सभी के मन को शांति और ध्यान के प्रति करता है आकर्षित वो है श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय। इसके साथ ही श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय ने ध्यान की उपयोगिता को बताने के लिए "हर घर ध्यान अभियान" के तहत 25 अगस्त को ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, यह कार्यक्रम भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की एक पहल है और आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा आयोजित है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एडवांस्ड मेडिटेशन प्रोग्राम टीचर श्री अश्विनी कुमार जग्गी जी रहे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थी एवं शिक्षकगण भी उपस्थित हुए। इस अवसर पर कुलपति प्रो.एस.के. सिंह द्वारा अतिथियों का स्वागत शाल तथा पुष्प गुच्छ देकर किया गया और स्वागत उद्बोधन में कुलपति जी ने ध्यान की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। ध्यान की शिक्षा के क्षेत्र में आवश्यकता बताते हुए कहा की ज्ञान का अर्जन जब तक समाज के लिए उपयोगी न हो तब तक वह व्यर्थ है, ध्यान के माध्यम से व्यक्ति स्वयं तथा समाज का विकास कर सकता है, उन्होंने सभी को प्रतिदिन थोड़ा समय निकलकर ध्यान का अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया |कार्यक्रम "हर घर ध्यान" मे ध्यान तकनीक, ध्यान के फायदों और आध्यात्मिक जीवन के विभिन्न पहलुओं पर श्री अश्विनी जग्गी, आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा उपस्थित सभी सदस्यों से विचार-विमर्श किया गया तथा ध्यान का एक लघु सत्र भी कराया गया| इस सत्र में ध्यान की महत्वपूर्ण तकनीकों का अभ्यास किया गया और ध्यान के माध्यम से मानसिक शांति और स्थिरता को अनुभव किया गया | अश्विनी जग्गी, ने ध्यान के सामाजिक, भावनात्मक, और शारीरिक लाभों पर प्रशिक्षण दिया और सुनने वालों के मन में आध्यात्मिकता को बढ़ावा देने के उपायों पर चर्चा की। उन्होंने कहा की ध्यान मस्तिष्क तथा दिल के मध्य की दूरी को मिटाता है तथा श्वासों पर नियंत्रण का सबसे अच्छा उपाय है ,श्वास पर नियंत्रण से मन नियंत्रित होत्ता है तथा मन पर नियंत्रण से श्वास नियंत्रित होती है| कार्यक्रम के समापन में कुलसचिव श्री सौरभ कुमार शर्मा ने ध्यान और आध्यात्मिकता के महत्व को समझाने का प्रयास किया और आध्यात्मिक जीवन के आयामों के प्रति उत्साहित किया साथ ही द्वारा धन्यवाद ज्ञापन कर किया गया|

# विश्वविद्यालय ने की चतुर्मुखी विकास में विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित

श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में चतुर्मुखी विकास में विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए परिचर्चा की गई, जिसमें विश्वविद्यालय के 7 विभागों के 118 अनुभागों में 8000 से अधिक छात्र शक्ति को और आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस परिचर्चा का उद्देश्य ज्ञान,विज्ञान एवं अध्यात्म है अतः विद्यार्थियों के सर्वांगीण नेतृत्व गुण को विकसित करने हेतु उन्हें विश्वविद्यालय के विभिन्न गतिविधियों में सम्मलित होने हेतु प्रोत्साहित किया गया। परिचर्चा में विद्यार्थियों ने अपने रचनात्मक सुझाव दिए।

विद्यार्थियों के सुझावों के आधार पर अधिष्ठता विद्यार्थी कल्याण द्वारा सुझाव दिया गया की प्रत्येक अनुभाग से एक छात्र एवं छात्रा का चयन कर उन्हें उनके विभाग में खेल, सांस्कृतिक, शैक्षिक वाद-विवाद अदि विद्यार्थियों में अभिरुचि रखने वालों की प्रतिभा का चयन कर उसे विकसित करने हेतु अपने विभागध्यक्ष के मार्गदर्शन में उनकी प्रतिभा को निखार कर इंटर डिपार्टमेंट कॉम्पीटीशन विभिन्न विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिताओं के लिए प्रशिक्षित करेंगे। डीएसडब्लू ने चतुर्मुखी विकास में कार्य योजन तैयार करने हेतु विद्यार्थियों से अनुरोध किया जिस पर सभी ने सहमति व्यक्त की। जल्द ही डीएसडब्लू के नेतृत्व में टीम तैयार कर चयन प्रक्रिया प्रारम्भ की जायेगी।



# विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु वेरिएट सोलर एवं क्रायोविवा बायोटेक कंपनी को किया गया आमंत्रित

श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय द्वारा 26 अगस्त को उत्तीर्ण एवं अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों प्लेसमेंट हेतु साक्षात्कार किये गए, जिसमें वेरिएट सोलर एवं क्रायोविवा बायोटेक कंपनी को आमंत्रित किया गया। प्लेसमेंट कैंप में बिज़नेस डेवलपमेंट इंजीनियर एवं बिज़नेस डेवलपमेंट पद के लिए इलेक्ट्रिकल या इलेक्ट्रॉनिक्स में एमबीए/इंजीनियरिंग के विद्यार्थी शामिल किया गया साथ ही सीआरई/आरई/बीडीई पद के लिए बी.ए.,बी.कॉम, बीबीए, बी.एससी., बी.टेक, बी.फार्मा, एम.ए.,एम.कॉम,एमबीए, एम.एससी.,एम.टेक, एम.फार्मा विद्यार्थी शामिल किया गया।

कंपनियों के अधिकारियों द्वारा पहले प्री प्लेसमेंट प्रेजेंटेशन शुरू किया गया तत्पश्चात चयन प्रक्रिया पूर्ण की गई एवं प्लेसमेंट में शामिल हुए श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थीयों के ज्ञान कौशल कि सराहना की। विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल के अधिकारी मोहम्मद शादाब का इस प्लेसमेंट कैम्प में उल्लेखनीय सहयोग रहा। विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति श्री हर्ष गौतम, कुलपति प्रो. एस.के. सिंह एवं कुलसचिव डॉ. सौरभ के. शर्मा ने प्लेसमेंट कैम्प में उपस्थित सभी विद्यार्थीयों को प्रोत्साहित किया और शुभकामनाएँ दी।



# विश्वविद्यालय में मनाया गया "विश्व उद्यमिता दिवस", विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन





श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के तत्वावधान में 26 अगस्त 2023 को "विश्व उद्यमिता दिवस" के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसके विषय कैरियर विकल्प के रुप में उद्यमिता,आत्म निर्भर भारत के लिए उद्यमिता,सभी के लिए उद्यमिता और स्टार्टअप इकोसिस्टम हैं। बता दें की इन विषयों पर आधारित तीन प्रतियोगिताएं पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता,नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई।

कार्यक्रम में कुलपति डॉ. एस.के सिंह एवं कुलसचिव डॉ. सौरभ के. शर्मा ने सभी विद्यार्थियों से मुलाकात की एवं उन्हें प्रोत्साहित किया उन्होंने बताया कीउद्यमिता नवाचार विचारों के साथ नए परिप्रेक्ष्य की ओर समस्या के समाधान की ओर आगे बढ़ना ही उद्यमिता कहलाता है समस्याओं को अवसर में बदलने का नाम ही उद्यमशीलता है भारत में ऐसे कई उद्यमशील व्यक्ति हुए हैं जिन्होंने अपनी मेहनत से नयी पहचान बनाई है। विश्व उधमशीलता दिवस के उद्देश्यों में है व्यावसायिक संभावनाओं का आगाज करना युवा पीढ़ियां को प्रेरित करना पूरे राष्ट्र को सामाजिक और आर्थिक रूप से सुसंगत बनाने और उसे क्षेत्र में उत्कृष्ट स्थान हासिल करना हैं।

निबंध प्रतियोगिता में प्रथम रिदिमा वर्मा, द्वितीय शिवांगेर नामदेव एवं तृतीय बरखा यादव,पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम मौसमी प्रधान, द्वितीय इशिका शैवकुमार पांडे, तृतीय शीर्ष कपले,नारा प्रतियोगिता में प्रथम दिव्या किमन,द्वितीय शिवांगेर नामदेव, तृतीय मनयारी शर्मे ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में कुलपति डॉ. एस.के सिंह एवं कुलसचिव डॉ. सौरभ के. शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया साथ ही उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रदान की गई।

# विश्वविद्यालय में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की स्मृति में मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस




श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में भारत के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ियों में से एक मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया, यह दिन एथलीटों की उपलब्धियों का सम्मान करने और जश्न मनाने के लिए एक यादगार के रूप में मनाया जाता है, विश्वविद्यालय के प्रशासन ने नए और आगे बढ़ने वाले छात्रों सहित खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों के पहलुओं में छात्रों की छिपी प्रतिभा को बाहर निकालने और उन्हें राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय मंच के लिए तैयार करने का प्रयास करने का निर्णय लिया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अनंत विभूषित श्री रविशंकर जी महाराज द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस की शुरुआत मशाल जलाकर की गई, जिसके बाद एनसीसी कैडेट राष्ट्रीय ध्वज के साथ मशाल लेकर आए जिसमें सभी खेल प्रतिभागि भी शामिल हुए, तत्पश्चात महाराज जी ने प्रतिभागियों और छात्रों को खेल के प्रति प्रेरित करने के लिए वॉली-बॉल के कुछ शॉट भी खेले, फिर प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल मैदान में अपनी टीम के सदस्यों के साथ मैच शुरू किया। विश्वविद्यालय के छात्रों में खेल और शारीरिक गतिविधियों की संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए वॉली-बॉल, बास्केट-बॉल, कबड्डी और खो-खो सहित खेल गतिविधियाँ आयोजित की गई जिनमें क्रमशः 8 टीम, 4 टीम, 6 टीम और 4 टीम ने भाग लिया, जिसमे वॉली-बॉल की विजेता



टीम आर्ट्स, बास्केट-बॉल की विजेता टीम फार्मेसी, जबकि कबड्डी में बीपीईएस (आर्ट्स) की टीम विजेता रही। खेल प्रतियोगिता के विजेताओं को 5 सितम्बर शिक्षक दिवस के अवसर पर पुरस्कृत किया जायेगा।

छात्रों के उत्साह को बढ़ाने के लिए, प्रति कुलाधिपति श्री हर्ष गौतम, कुलपति प्रोफेसर एस.के. सिंह एवं कुलसचिव डॉ. सौरभ के. शर्मा ने भी खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों की उनकी क्षमता को निखारने के लिए सराहना की।










## सम्पादकीय समिति

**प्रेरणाश्रोत : परम पूज्य श्री रविशंकर जी महाराज**

**श्री हर्ष गौतम**
प्रति - कुलाधिपति

**प्रो. एस. के. सिंह**
कुलपति

**डॉ. सौरभ कुमार शर्मा**
कुलसचिव

प्रधान संपादक
**राजेश तिवारी**

संपादक
**हिना परवीन**

छायाचित्र
**शुभम नामदेव**

ग्राफिक्स डिज़ाइन
**दिनेश कुमार सिन्हा**